नौकर रख लो जी | By Raju Bawra

नौकर रख लो चाकर रख लो सेवक रख लो जी
नौकर रख लो जी सांवरिया मुझे चाकर रख लो जी
मुझे नौकर रख लो मुझे चाकर रख लो

दुनिया भर की करी नौकरी कोई ना मुझको भाया सांवरे
दुनिया भर के खाकर धोखे द्वार तुम्हारे आया सांवरे
चरणों में ही रहूं मुझे जीवन भर रख लो जी
नौकर रख लो जी सांवरिया मुझे चाकर रख लो जी

काम करूंगा पूरा बाबा कोई ना छुट्टी लूंगा कान्हा
तेरी कृपा के बदले में पूरी ड्यूटी दूंगा कान्हा
आज्ञा पालन करो काम चाहे जिस पर रख लो जी
नौकर रख लो जी सांवरिया मुझे चाकर रख लो जी

दम निकले तेरे चरणों में इधर उधर ना डोलू बाबा
अंत समय जब आएगा मेरा श्री श्याम ही बोलूं बाबा
सेवकार बाबरा को तुम देकर वर रख लो जी
नौकर रख लो जी सांवरिया मुझे चाकर रख लो जी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a8%e0%a5%8c%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%b0%e0%a4%96-%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%9c%e0%a5%80-by-raju-bawra/